मेरे प्रिय अध्यापक

Mera Priya Adhyapak

एक अध्यापक राष्ट्र निर्माता होता है। वह समाज में इज्ज़त का जीवन जीता है। वह अपने विद्यार्थियों के लिए एक पथ-प्रदर्शक तथा संरक्षक होता है। वह उनके जीवन से अंधकार को दूर भगाता है। अध्यापक अपने विद्यार्थियों में अच्छी आदतें पैदा करता है तथा उनके जीवन को अच्छा बनाता है। वह उनको जीवन का सही रास्ता दिखाता है तथा उन्हें अच्छा नागरिक बनाता है। उसका उन पर बहुत ही प्रेरणात्मक प्रभाव पड़ता है।

हमारे विद्यालय में लगभग 50 अध्यापक हैं। सभी बहुत ही उत्तम, मेहनती तथा कर्त्तव्य निष्ठ हैं। किंतु मुझे श्री वी.के.मिड्ढा सबसे अधिक प्रिय हैं। वह मेरे सबसे पसंद के अध्यापक हैं तथा मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूँ। वे एम.ए., बी.एड. हैं। वह समय के पाबंद हैं। वे हमें अंग्रेज़ी पढ़ाते हैं। वह अपने विषय के माहिर हैं। उनके पढ़ाने का तरीका बहुत अच्छा है। वे बच्चों के दिमाग के हिसाब से उन्हें समझाते हैं। शिक्षा देना उनके लिए एक मिशन है।

श्री मिड्ढा दिल तथा दिमागी रूप से बहुत मज़बूत व्यक्ति हैं। वह अच्छी आदतों वाले व्यक्ति हैं। वह अपने काम के प्रति बहुत अनुशासित हैं। उनका व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली है। वह बहुत नर्म हैं तथा उनकी मीठी वाणी के कारण उन्होंने सबका दिल जीत लिया है। वह अपने सह-कर्मचारियों में भी बहुत प्रसिद्ध हैं। वह सादा जीवन तथा ऊँची सोच के मालिक हैं।

श्रीमान मिड्ढा एक बढ़िया अध्यापक हैं। वह अपने उपदेशों पर स्वयं भी अमल करते हैं। वह अपनी बात के पक्के हैं। वह कभी भी छोटे-मोटे फायदों के लिए अपने सिद्धांतों को नहीं भूलते। वह संकीर्ण सोच के व्यक्ति नहीं हैं। वह सारी मानवता को अपना परिवार ही समझते हैं। उनका नज़रिया केवल अपने देश तक ही सीमित नहीं है। वह सदा दूर की सोचते हैं। वह चाहते हैं कि उनके शिष्य अच्छे व्यक्तित्व वाले बनें। वह अपने शिष्यों के लिए रोशनी का स्त्रोत हैं। भगवान उनको लंबा तथा तंदरुस्त जीवन प्रदान करें।